## प्रेस विज्ञप्ति

# प्रथम प्रो. राजेन्द्र सिंह व्याख्यान में बोलेंगे विश्व विख्यात आई.टी.वैज्ञानिक सुपर कम्प्यूटर के रचयिता डॉ. विजय भटकर का मुख्य भाषण

## अध्यक्षता करेंगे ''भारत में आई.टी. के पितामह'' एफ.सी. कोहली

### शिखर भाजपा नेता भी आएंगे सुनने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक तथा भौतिक शास्त्र के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. राजेन्द्र सिंह ''रज्जू भैया'' के 91वें जन्म दिन पर नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर (जन्तर–मन्तर के सामने, संसद मार्ग) में 29 जनवरी, 2013 को समय 3.30 बजे से आयोजित प्रथम राजेन्द्र सिंह स्मारक व्याख्यान में विश्वविख्यात कम्प्यूटर वैज्ञानिक और आई. टी. विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। मुख्य अभिभाषण सुपर कम्प्यूटर के रचयिता डॉ. विजय भटकर देंगे तथा अध्यक्षता भारत में आई.टी. के पितामह कहे जाने वाले तथा टीसीएस के सर्जक श्री एफ.सी. कोहली करेंगे। रज्जू भैया को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भाजपा के वरिष्ठ अधिकारी व नेता भी आएंगे।

आपसे प्रार्थना है कि इस महत्वपूर्ण समारोह की कवरेज के लिए अपने संवाददाता व छायाकार को भेजने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय

**तरुण विजय**
राज्य सभा सांसद व संयोजक

प्रो. राजेन्द्र सिंह स्मृति सेवा न्यास, प्रयाग